PAGE No.
DATE: / / 201

# निबन्ध लेखन प्रतियोगिता

**विषय** - यातायात जागरूकता

**नाम** -
**कक्षा** -
**अनुक्रमांक** - 27

**रूपरेखा** -

**यातायात के नियम का पालन**
**उपयोगिता एवं उसका महत्व, सड़क सुरक्षा**

## प्रस्तावना :-

आधुनिक जीवन में सभ्य समाज के लोगो नियम और अनुशासन प्रति जागरूक होना चाहिए। आज के साधन संपन्न जीवन में या यात्रा करना आसान हो गया है लेकिन हमें यातायात के नियमों का पालन करते हुए यात्रा करनी चाहिए यातायात के नियमों का पालन न करने से दुर्घटना होने की अधिक सम्भावना होती है इसलिए कहा कहा गया है- सावधानी हटी दुर्घटना घटी

## यातायात के नियम :-

पैदल चलने वालों के लिए :-
पैदल यात्रियों को हमेशा सड़क के बायीं ओर चलना चाहिए इन यात्रियों को सड़क के किनारे बने फुटपाथ पर चलना चाहिए
सड़क को पार करते समय हमेशा जेब्रा क्रॉसिंग से पार करना चाहिए
वाहन चालक के लिए-
वाहन चालको को हमेशा वाहन धीमी गति से चलाना चाहिए मोटर गाड़ी से चलने वाले को हमेशा हेलमेट पहनना चाहिए वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग

Scanned By Scanner Go

नही करना चाहिए वाहन चालक कभी शराब पीकर वाहन न चलाएँ और इन्हे हमेशा चौराहे पर लगे लाल पीली और हरी बत्तियो को देखकर चलाना चाहिए
अतः देश के प्रत्येक नागरिक को सड़क सुरक्षा के नियम पालन करना चाहिए जिससे सड़क पर होने वाली दुर्घटनाए कम होगी
अतः इसलिए यह नारा दिया गया है-

"दुर्घटना पर लगेगा ताला
जब पहनेंगे सड़क सुरक्षा नियम की माला"

## सड़क सुरक्षा की उपयोगिता एवं महत्व -

हमारे लिए सड़क सुरक्षा के नियम की उपयोग करना बहुत जरूरी है यदि हम सड़क सुरक्षा नियम का पालन करते है तो इससे सड़क पर होने वाली दुर्घटनाएँ कम होंगी जब दुर्घनाएँ कम होगी तब देश के प्रत्येक नागरिक भी स्वस्थ रहेंगे और देश का विकास होगा
इसलिए यह नारा दिया गया है-

सड़क सुरक्षा अपनाए
और जीवन को खुशहाल बनाए

## सड़क सुरक्षा के नियम का पालन न करने से होने वाले दुष्परिणाम :-

यदि हम सड़क सुरक्षा के नियम का पालन नही करेंगे तो इससे दुर्घनाएँ अधिक होंगी और व्यक्ति को अधिक चोट लगने से उसकी मौत भी हो सकती है।

Scanned By Scanner Go

PAGE No
DATE: / 201

## दुर्घटना के कारण:-

वाहन को तेज गति से चलाना- वाहन को तेज गति में चलाने पर दुर्घटनाएँ अधिक होती है
वाहन को शराब पीकर चलाने से भी दुर्घनाएँ होती है मोबाइल का प्रयोग करने से, और सड़क खराब होने पर भी दुर्घनाएँ होती है मोड़ को सड़ सही न होना भी दुर्घटना का कारण है।

## दुर्घटना से बचने के उपाय:-

वाहन को धीमी गति में चलाएँ
दुर्घटना से बचने के लिए यातायात के नियम का पालन करना चाहिए
हमें रोड को पार करते समय जेब्राक्रौसिंग एवं जेब्रालाइट को ध्यान में रखना चाहिए
ईयरफोन लगाकर कभी वाहन न चलाएँ
दोपहिया चलाते समय हेलमेट अवश्य पहने
बस में बैठे यात्रियों को स खिड़की से बाहर नही देखना चाहिए और न ही अपने किसी अंग को बाहर निकालना चाहिए

## उपसंहार-

आधुनिक साधन संपन्न जीवन में हमे किसीभीनियम का पालन अवश्य करना चाहिए खासकर हमें सड़क सुरक्षा नियम का पालन करना जरूरी है यदि हम सड़क सुरक्षा नियम का पालन करते हैं तो हम स्वस्थ रहेंगे और देश का विकास होगा अतःहमे यातायात के नियम के प्रतिजागरूक रहना चाहिए

Scanned By Scanner Go

और सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं से बचना चाहिए इसलिए कहा गया है—

"दुर्घटना से देर भली"।

Scanned By Scanner Go